# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–19.08.2025 (संध्या–1900 बजे)

## मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक को दी मंजूरी, खेल प्रशासन में पारदर्शिता और सुधार होगा सुनिश्चित।
- इंडिया गठबंधन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को बनाया उम्मीदवार।
- झारखंड सहायक आचार्य परीक्षा 2023 की नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप, अभ्यर्थियों ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को सौंपा मांग पत्र।
- मंत्री सुदिव्य कुमार ने पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के परिजनों से मिलकर जताई संवेदना, कहा–शिक्षा और आदिवासी समाज की प्रगति में उनके योगदान अविस्मरणीय।
- मौसम विभाग ने 22 अगस्त तक रांची, जमशेदपुर, दुमका समेत कई जिलों में जारी किया येलो अलर्ट, भारी बारिश, हवाओं और वज्रपात की जताई संभावना।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक को मंजूरी दे दी है, जिसके साथ ही यह अधिनियम बन गया। नए कानून के तहत राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण का गठन किया जाएगा जो खेल विवादों का समाधान करेगा। इस अधिनियम से देश के खेल प्रशासन में पारदर्शिता और सुधार सुनिश्चित होगा।

******************

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेडडी को इंडिया गठबंधन की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाये जाने की घोषणा की है। नई दिल्ली में आज श्री खरगे ने बताया कि सभी राजनीतिक दल इस बात पर सहमत है कि यह विचारधारा की लडाई है और इसलिए वे अपना उम्मीदवार उतार रहे हैं। श्री रेडडी 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष सहित सभी राजनीतिक दलों से एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन को सर्वसम्मिति से चुनने की अपील की है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन संसदीय दल की बैठक के दौरान एनडीए सांसदों से श्री राधाकृष्णन का परिचय कराया।

******************

झारखंड सहायक आचार्य परीक्षा 2023 की नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने सीबीआई जांच की मांग के साथ 11 सूत्री सुझाव दिए और नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया रद्द कर सफल अभ्यर्थियों का परिणाम प्रकाशित करने की बात कही। सहायक आचार्य अभ्यर्थी राहुल कुमार क्रांति ने कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो उन्हें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

******************

झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री दिवंगत रामदास सोरेन के निधन पर पूरे राज्य में शोक की लहर है। राज्य के नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार जमशेदपुर स्थित उनके आवास पहुंचे और परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। मौके पर सुदिव्य कुमार ने कहा कि रामदास सोरेन का योगदान शिक्षा, राजनीति और आदिवासी समाज की प्रगति के लिए अविस्मरणीय है।

******************

केंद्र सरकार ने झारखंड कैडर, 2005 बैच के आईपीएस कुलदीप द्विवेदी और आंध्र प्रदेश कैडर, 2007 बैच आईपीएस सी. वेंकट सुब्बा रेड्डी को सीबीआई का संयुक्त निदेशक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति की स्वीकृति के बाद की गई है।

******************

चतरा के उत्क्रमित उच्च विद्यालय द्वारी गिद्धौर प्रखंड के शिक्षक मनोज कुमार चौबे का नाम इस वर्ष के राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए अनुशंसित किया गया है। राज्य सरकार ने देवघर की श्वेता शर्मा और रामगढ़ के सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता के साथ उनका नाम स्कूली शिक्षा विभाग के माध्यम से भेजा है।

******************

पलामू पुलिस ने एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई करते हुए राहुल सिंह गिरोह से जुड़े चार कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अपराधियों के पास से एक विदेशी पिस्टल, एक देसी पिस्टल, 50 राउंड गोली, 3 चोरी की बाइक, 22 हजार रुपए और 4 मोबाइल बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी फोरलेन सड़क निर्माण साइट पर फायरिंग करने की योजना बना रहे थे और इससे पहले भी सिंगरा सड़क साइट और चौनपुर के करसो क्रेशर प्लांट पर फायरिंग कर चुके हैं।

******************

जमशेदपुर में वर्ल्ड फोटोग्राफी दिवस पर प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर की ओर से करीम सिटी कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 20 से अधिक फोटो जर्नलिस्टों को स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया, साथ ही फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष और महासचिव ने कहा कि यह आयोजन फोटोग्राफरों के योगदान को सम्मान देने और नए प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया है।

******************

सेना भर्ती कार्यालय की ओर से अग्निवीर भर्ती 22 अगस्त से 4 सितंबर तक रांची के खेलगांव स्टेडियम में किया जाएगा। भर्ती में एसपी कार्यालय द्वारा जारी ऑनलाइन चरित्र प्रमाण पत्र ही स्वीकार किए जाएँगे। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

******************

संक्षिप्त खबरें

- चतरा नगर परिषद के अतिक्रमण मुक्त अभियान के बाद पुलिस लाइन के पास बने वेंडिंग जोन में दुकानदारों को शिफ्ट कर बाजार को शुरू किया गया। सिटी मैनेजर पिंकी ने बताया कि अगले 10 दिनों में शेष दो वेंडिंग जोन भी प्रारंभ कर दिए जाएंगे।
- जामताड़ा में उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में जनता दरबार आयोजित हुआ, जिसमें सौ से अधिक लोगों की समस्याओं की सुनवाई की गई। साथ ही बिजली बिल, जमीन विवाद, दुर्घटना और कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान करते हुए कई मामलों का निपटारा मौके पर ही किया गया।
- गुमला में जिला उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला स्तरीय ओरिएंटेशन बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक गांव में एक भवन को आदि सेवा केंद्र के रूप में चिह्नित कर नोडल पदाधिकारी की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी ताकि ग्रामीण योजनाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान हो सके।

******************

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में 22 अगस्त तक मॉनसून की सक्रियता बनी रहेगी। इसके तहत रांची, जमशेदपुर, दुमका, गढ़वा, पलामू और लातेहार जिलों में भारी बारिश की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर क्षेत्रों के कारण अगले कुछ दिनों तक बारिश जारी रहने की उम्मीद है।

******समाप्त********